# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

## M.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY, GWALIOR



https://mpcci.in

# e अर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका


**MAY 2026**

- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- वर्ष : 28, अंक : 10

# "121वाँ स्थापना दिवस" हर्षोल्लास के साथ आयोजित

## संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ एवं प्रसादी-भोजन में सदस्यों ने परिजन सहित की भागीदारी




म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री का 121वाँ 'स्थापना दिवस' हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया । इस बार 'स्थापना दिवस' का आयोजन भक्तिमय रहा । इस अवसर पर पं. अंकित शर्मा जी द्वारा अपनी टीम के साथ संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ किया गया ।

सुंदरकाण्ड पाठ के दौरान पं. अंकित शर्मा जी ने कहाकि सुंदरकाण्ड में हनुमान जी से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है । आपने कहाकि सफलता की मूल कुंजी शांत रहकर अपना कार्य करना है । हनुमान जी कम बोलते हैं, लेकिन कार्य अधिक करते हैं । पूछने पर ही वह अपने विचार प्रकट करते हैं । आपने कहाकि हमें सुहाते तो सब हैं, परन्तु भाता कोई नहीं है । हम कोई कार्य करते हैं, वो अच्छा तो लगता है, लेकिन भाता नहीं है । इसलिए कार्य पूर्ण रूपेण सफल नहीं होता है । लगभग दो घंटे चले सुंदरकाण्ड पाठ का सभी ने भरपूर आनंद लिया ।

आपने कहाकि सुख श्रम कर अर्जित किया जा सकता है, परन्तु शांति प्रभु शरण में जाने पर ही मिलती है और इसके लिए भगवत शरण में जाना होगा । लंकेश्वर जब अपने अनुज विभीषण को लात मारकर अपनी सभा से निकाल देते हैं और वे प्रभु श्रीराम की शरण में आते हैं । मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम शरणागत पालन करते हुए उनकी रक्षा का वचन देने के साथ ही समुद्र के जल से उनका लंकापति के रूप में अभिषेक करते हैं ।



कार्यक्रम के प्रारम्भ में पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व श्री हनुमान जी का विधि पूर्वक पूजन किया गया ।

सुंदरकाण्ड की समाप्ति के उपरांत सायं 07.00 बजे से सदस्यों के द्वारा प्रसादी (भोजन) का भरपूर आनंद लिया गया । इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों सहित पूर्व पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यगण व सदस्य महानुभाव काफी संख्या में उपस्थित थे ।

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# "121वाँ स्थापना दिवस"
# झलकियाँ











http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# ‘माधव प्लाजा’ के हितग्राहियों को बगैर ब्याज के शीघ्र रजिस्ट्री की माँग सहित ग्वालियर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं एवं बुनियादी समस्याओं के निराकरण हेतु नवनियुक्त अध्यक्ष-श्री मधुसूदन भदौरिया व उपाध्यक्षद्वय को सौंपा ज्ञापन



ग्वालियर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष–श्री मधुसूदन भदौरिया एवं उपाध्यक्षद्वय–श्री सुधीर गुप्ता व वेदप्रकाश शिवहरे से दिनांक 15 मई 2026 चेम्बर के पदाधिकारियों ने भेंट कर, जीडीए से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर, समस्याओं के शीघ्र समाधान की माँग की गई। प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल शामिल थे। चेम्बर द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के बिन्दु निम्नानुसार हैं :–

1. माधव प्लाजा : ‘माधव प्लाजा’ शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थापित है, परन्तु हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि पूर्व में जीडीए के पास पर्यावरण विभाग की एनओसी नहीं होने से जीडीए द्वारा दुकानों की रजिस्ट्री नहीं की गई थीं। आज जब जीडीए के पास एनओसी है, तब जीडीए द्वारा हितग्राहियों से ब्याज की माँग की जा रही है, यह वास्तविक रूप से गलत है। चेम्बर द्वारा पूर्व में जीडीए एवं राज्य सरकार से इस ब्याज को हटाने की मांग की गई थी। इस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने ‘चेम्बर भवन’ में ही ब्याज नहीं लेने की घोषणा की थी। बावजूद इसके जीडीए द्वारा ब्याज की माँग हितग्राहियों से की जा रही है। अभी तक प्राधिकरण में नियुक्ति नहीं होने से शासन स्तर पर इस बात को पहुँचाया गया है, लेकिन अब प्राधिकरण का गठन हो गया है। अतः प्राधिकरण स्तर पर ही यह निर्णय लिया जाना चाहिए। अतएव इस पर शीघ्रातिशीघ्र निर्णय लेकर, हितग्राहियों के नाम बगैर ब्याज के रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए, ताकि यह कॉम्पलेक्स ग्वालियर का सबसे सफलतम व्यवसायिक कॉम्पलेक्स सिद्ध हो सके।

2. नामांतरण : जीडीए में नामांतरण की प्रक्रिया काफी कठिन है। इसे पारदर्शी व ‘सिंगल विण्डो सिस्टम’ के माध्यम से एक तय समय–सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किए जाने हेतु मैकेनिज्म तैयार किया जाए।

3. आवक–जावक : हितग्राहियों सहित अन्य किसी भी प्रकार के प्राप्त पत्र पर उचित कार्यवाही की एक



समय-सीमा निर्धारित की जाए और जीडीए को प्राप्त होने वाले सभी पत्रों का जवाब, संबंधित को अवश्य प्रेषित किए जाने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जो कि वर्तमान में नहीं है ।

**4. फ्री-होल्ड प्रक्रिया का सरलीकरण :** आवासीय कॉलोनियों की संपत्तियों के लीज-होल्ड से फ्री-होल्ड कराने की प्रक्रिया अत्यंत जटिल और समय लेने वाली है । इसे 'सिंगल विंडो सिस्टम' के माध्यम से सुगम बनाया जाए । साथ ही, जिनके भूखण्डों को 30 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, उनके भूखण्डों को पुनः 30 वर्ष के लिए लीज-होल्ड न करते हुए सीधे फ्री-होल्ड किया जाए ।

**5. नई व्यावसायिक एवं आवासीय योजनाएँ :** शहर के बढ़ते विस्तार को देखते हुए मध्यम वर्ग के लिए सस्ती और सुविधायुक्त नई व्यवसायिक व आवासीय योजनाओं की घोषणा की जाए, जिससे अवैध कॉलोनियों के विस्तार पर रोक लग सके ।

**6. पार्कों का रखरखाव और सौंदर्यीकरण :** जीडीए की कॉलोनियों में विकसित किए गए पार्क वर्तमान में बदहाली का शिकार हैं । इन्हें पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है ।

इस अवसर पर जीडीए के अध्यक्ष-श्री मधुसूदन भदौरिया सहित उपाध्यक्षद्वय, श्री सुधीर गुप्ता व श्री वेदप्रकाश शिवहरे ने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा 'माधव प्लाजा' व 'नामांतरण' के संबंध में जो सुझाव दिए गए हैं, उन पर शीघ्र ही समुचित कार्यवाही कर, हितग्राहियों को राहत पहुँचाई जाएगी । भेंट के दौरान जीडीए के सीईओ-श्री नरोत्तम भार्गव विशेष रूप से उपस्थित थे ।

## आवश्यक सूचना

सम्माननीय सदस्य महानुभावों,

नवीन वित्तीय वर्ष 2026-27 का सदस्यता शुल्क दिनांक 1 अप्रैल, 2026 से देय हो गया है ।

सदस्यता शुल्क को बगैर अधिभार के दि. 30 जून 26 तक जमा किया जा सकता है । उक्त तिथि के पश्चात् रु. 200/- प्रति वर्ष अधिभार की राशि देय होगी ।

| | | |
|---|---|---|
| * पब्लिक लिमिटेड कं. | : | रु. 2500+GST (18%) |
| * प्रायवेट लिमिटेड कं. | : | रु. 1250+GST (18%) |
| * साधारण सदस्य | : | रु. 750.00 |

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# कार्यकारिणी समिति की बैठक के महत्वपूर्ण निर्णय

* कार्यकारिणी समिति की दिनांक 12 मई 2026 को आयोजित बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय निम्नानुसार हैं :-
* दिनांक 31 मार्च 2026 की सदस्यता सूची के आधार पर प्रत्येक समूह की सदस्य संख्या के अनुसार 'कार्यकारिणी समिति' की सदस्य संख्या पर विचार कर निर्णय लिया गया कि 26 सदस्य संख्या तक 01, कार्यकारिणी सदस्य, 27-52 सदस्य संख्या तक 02 तथा 53-78 सदस्य संख्या तक 03 एवं 79 से अधिक संख्या पर 04 कार्यकारिणी सदस्य होंगे ।
* MPCCI के 'स्थापना दिवस' की रूपरेखा पर विचार कर, सुंदरकाण्ड का पाठ एवं उसके पश्चात् प्रसादी-भोजन का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया ।

## मई 2026 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, निगम के कर्मचारियों द्वारा शहर के व्यवसाईयों को ट्रेड लायसेंस बनवाने के नाम पर दबाव बनाए जाने की प्रक्रिया पर आपत्ति करते हुए, इस मुहिम को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की माँग की गई ।
* माननीय प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, भारत सरकार को पत्र प्रेषित कर, कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर के मूल्यों में की गई वृद्धि को वापिस लेने की माँग की गई ।
* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ खड़ी किए जाने की माँग की गई ।
* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, परिषद के द्वारा 'गारबेज शुल्क' के संबंध में लिए गए निर्णयानुसार पारित ठहराव क्र. 246/दिनांक 26-02-2026 का पालन किए जाने बावत् ।
* जीडीए, अध्यक्ष-श्री मधुसूदन भदौरिया, उपाध्यक्षद्वय-श्री सुधीर गुप्ता एवं श्री वेदप्रकाश शिवहरे को ज्ञापन सौंपकर, ग्वालियर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं एवं बुनियादी समस्याओं का निराकरण करने की माँग की गई ।
* केन्द्रीय वित्तमंत्री महोदया एवं केन्द्रीय संचार मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में पृथक से 'सीजीएसटी कमिश्नरेट' स्थापित किए जाने की माँग की गई ।
* वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर एवं पुलिस महानिदेशक, म. प्र. को पत्र प्रेषित कर, डिजिटल धोखाधड़ी एवं इसके कारण कारोबारियों को होने वाली परेशानियों के संबंध में अवगत कराते हुए समस्या के समाधान की माँग की गई ।

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा सागर प्रिन्टर्स, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-2371691,2632916,2382917